# अध्याय – 7 | जीव जनन कैसे करते हैं

QUIZ PART-01

**1. जनन की मूल घटना क्या मानी जाती है?**

A. प्रोटीन संश्लेषण B. कोशिका विभाजन
C. डी.एन.ए. की प्रतिकृति बनाना
D. युग्मक निर्माण (C)

***व्याख्या :*** जनन की मूल घटना डी.एन.ए. की प्रतिकृति बनाना है, जिससे आनुवांशिक लक्षण अगली पीढ़ी में स्थानांतरित होते हैं।

**2. अलैंगिक जनन की विशेषता क्या है?**

A. युग्मकों का निर्माण होता है
B. नर और मादा की आवश्यकता होती है
C. एक ही जीव से संतान उत्पन्न होती है
D. लैंगिक गुणों का आदान-प्रदान होता है (C)

***व्याख्या :*** अलैंगिक जनन में संतान केवल एक ही जीव से उत्पन्न होती है और युग्मकों का निर्माण नहीं होता।

**3. लैंगिक जनन में किस प्रक्रिया का होना अनिवार्य है?**

A. समसूत्री विभाजन
B. युग्मकों का निर्माण और निषेचन
C. डी.एन.ए. का क्षरण
D. क्लोनों का निर्माण (B)

***व्याख्या :*** लैंगिक जनन में नर और मादा युग्मकों का निर्माण होता है और उनका निषेचन आवश्यक होता है।

**4. डी.एन.ए. किसके अंदर स्थित होता है?**

A. साइटोप्लाज्म B. माइटोकॉन्ड्रिया
C. केंद्रक D. राइबोसोम (C)

***व्याख्या :*** डी.एन.ए. कोशिका के केंद्रक में स्थित होता है जहाँ यह आनुवांशिक सूचनाओं को संग्रहीत करता है।

**5. डी.एन.ए. में अंतर होने से किस प्रकार की विविधता उत्पन्न होती है?**

A. जलवायु विविधता
B. रासायनिक विविधता
C. शारीरिक रूप एवं संरचना में विविधता
D. सामाजिक विविधता (C)

***व्याख्या :*** डी.एन.ए. में अंतर के कारण उत्पन्न प्रोटीन भिन्न होते हैं, जिससे शारीरिक संरचना में विविधता आती है।

**6. जीवों में विविधता क्यों आवश्यक मानी जाती है?**

A. डी.एन.ए. की प्रतिकृति रोकने हेतु
B. प्रजाति की उत्तरजीविता सुनिश्चित करने हेतु
C. अधिक जनसंख्या हेतु
D. समान संतानों की प्राप्ति हेतु (B)

***व्याख्या :*** विविधता जीवों को बदलते वातावरण में जीवित रहने में सहायता करती है और प्रजाति की उत्तरजीविता सुनिश्चित करती है।

**7. निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?**

A. लैंगिक जनन में निषेचन होता है
B. अलैंगिक जनन में युग्मक नहीं बनते
C. सभी जीव लैंगिक जनन करते हैं
D. लैंगिक जनन में नर और मादा अंग आवश्यक होते हैं (C)

***व्याख्या :*** सभी जीव लैंगिक जनन नहीं करते; कुछ जीव अलैंगिक जनन द्वारा भी संतान उत्पन्न करते हैं।

**8. अलैंगिक जनन में विभाजन किस प्रकार होता है?**

A. असमान विभाजन B. समसूत्री विभाजन
C. असमिति विभाजन D. द्विगुणित विभाजन (B)

***व्याख्या :*** अलैंगिक जनन में कोशिकाएं समसूत्री विभाजन के माध्यम से विभाजित होती हैं।

**9. विविधता प्रजाति के किस स्तर पर लाभदायक होती है?**

A. व्यक्तिगत स्तर पर B. पारिवारिक स्तर पर
C. समष्टि (species) स्तर पर D. वंशानुक्रम स्तर पर (C)

***व्याख्या :*** विविधता प्रजाति की समष्टि को विषम परिस्थितियों में जीवित रहने में सहायता करती है।

**10. जब कोई वातावरण प्रतिकूल हो जाता है, तब विविधता का क्या लाभ होता है?**

A. सभी जीव समाप्त हो जाते हैं
B. अनुकूल जीव बच जाते हैं
C. डी.एन.ए. नष्ट हो जाता है
D. कोई प्रभाव नहीं पड़ता (B)

***व्याख्या :*** विषम परिस्थितियों में विविधता के कारण कुछ जीव वातावरण के अनुरुप ढल जाते हैं और जीवित रह पाते हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App